पंजाब को शिकस्त देकर ब्रांज मैडल जीता

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान की बालिका कबड्डी टीम पंजाब को शिकस्त देकर देश में तीसरे स्थान पर रही। टीम ने 43-42 से मुकाबला जीतते हुए ब्रांज मैडल जीता। वहीं लूणकरनसर (बीकानेर) की रहने वाली टीम की कैप्टन आईना बेस्ट डिफेंडर रही।

टीम मैनेजर सत्यनारायण गोदारा ने बताया कि प्रतियोगिता के शुरूआती दौर में राजस्थान टीम का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। टीम ने ग्रुप मुकाबलों में गुजरात को 47-17, केवीएस को 53-22, केरल को 43-21 और झारखंड को 69-20 से हराया। लगातार जीत के साथ राजस्थान ने प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

प्री-क्वार्टर फाइनल में राजस्थान और सीबीएसई के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। अंतिम क्षणों में राजस्थान टीम 5 पाइंट से पीछे चल रही थी, लेकिन कप्तान आईना सायच ने शानदार खेल दिखाया। उन्होंने एक मल्टी रेड में दो खिलाड़ियों को आउट किया और अगली रेड में यूपी के रेडर को कैच आउट कर लोना मारते हुए मैच का पासा पलट दिया। राजस्थान ने यह मुकाबला 43-42 से अपने नाम किया। क्वार्टर फाइनल में राजस्थान टीम ने उत्तरप्रदेश को एक तरफा मुकाबले में 69-23 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

अरावली को खनन माफिया के हवाले करने का आरोप

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार आज बीकानेर बी ब्लॉक पूर्व विधानसभा ए ब्लॉक पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के संयुक्त आव्हान पर अरावली बचाओ जन आंदोलन ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोडा व जाकिर नागौरी के नेतृत्व में जस्सूसर गेट से शहर के कई क्षेत्र से होते हुए रोशनी घर चौराहे तक पैदल मार्च निकाला गया। साथ ही मनरेगा में बदलाव के विरोध में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

- **मनरेगा में बदलाव के विरोध में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की**

पूर्व मंत्री बी. डी. कल्ला व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अरावली बचाओ पैदल मार्च निकालकर विरोध जताया।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार पर साजिश के तहत अरावली को खनन माफिया के हवाले करने का आरोप लगाया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व मंत्री बी. डी. कल्ला, शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल, प्रदेश महासचिव जियाउर रहमान, युवा नेता अरूण व्यास, ब्लॉक अध्यक्ष शहजाद भट्टा, ओबीसी प्रदेश महासचिव अता हुसैन कादरी, कमल नागल, पूर्व संगठन महासचिव नितिन वत्सस, पूर्व पार्षद आजम अली, ताहिर हसन कादरी, शिवशंकर बिस्सा, मनोज जनागल, प्रफुल्ल हटीला, वसीम फिरोज अब्बासी, युनूस अली, अब्दुल वाहिद, सुनील गेदर, महिला नेत्री आशा स्वामी, उमा सुथार, मुमताज शेख, वंदना गुप्ता, सलीना खान, निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष हसन गौरी, राज्य सफाई आयोग के पूर्व सदस्य ओमप्रकाश लोहिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरिप्रकाश वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष मुकेश जोशी, बाबूलाल मेघवाल लक्ष्मण व्यास, जाकिर हुसैन, प्रदीप जाड़ीवाल, युवा नेता तोलाराम सियाग, अकरम अली, एडवोकेट असलम, अली राजा, असलम रंगरेज, धनसुख आचार्य, मनोज गहलोत, मानक गुजराती, एजाज पठान, रामरतन डेलू, यकीनुद्दीन डग्गा, असगर गौरी, राहुल जादू संगत, जयदीप सिंह जावा, अलीमुद्दीन जामी, एम. एच. पप्पू, मेहताब दमानी, सलाउद्दीन, रईस अली, हिमांशु गहलोत, रामनाथ आचार्य, अमरीक सिंह, नसीम अहमद मेव, राजीव बिश्नोई, ओमाराम रेण, मूलचंद गुर्जर, रमेश गहलोत आदि सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

तीन वाहन सहित गिरफ्तार

बज्जू, (कासं)। बज्जू पुलिस थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की दो अलग-अलग वारदातों का खुलासा हुआ। पुलिस ने चोरी की गई एक बोलेरो कैम्पर और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नरपत सैन पुत्र कानाराम सैन, निवासी पाबुनगर खुडियाला, प्रेमसिंह राठौड़ पुत्र चैन सिंह राजपूत, निवासी सेन्दलों की ढाणियां, जिला जोधपुर और मांगीलाल सारण पुत्र मोहनलाल विश्नोई, निवासी मिठडिया, जिला बीकानेर शामिल हैं। थानाधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि दिसम्बर माह में बज्जू के बीकमपुर से एक बोलेरो कैम्पर चोरी हुई थी।

अनुसंधान के बाद बोलेरो कैम्पर खरीदने वाले दो आरोपी नरपत सैन और प्रेमसिंह राठौड़ को गिरफ्तार कर वाहन बरामद किया गया। वहीं अगस्त में ग्रांधी से चोरी हुई मोटरसाइकिल के मामले में मांगीलाल सारण को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

इन दोनों वारदातों का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में एएसआई ओमप्रकाश, हैड कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, कांस्टेबल किशनलाल, विजय भाकर, भगवानाराम और हड़मानराम शामिल थे। टीम ने सराहनीय कार्य किया।

सार-समाचार

सेंगर की सजा निलंबन का विरोध

कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबन के विरोध में जनवादी महिला समिति ने प्रदर्शन किया।

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला सचिव फरजाना ने बताया कि आज अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने बीकानेर जिला कलेक्ट्रेट पर उत्तरप्रदेश उन्नाव के पूर्व भाजपा विधायक बलात्कारी कुलदीप सिंह सेंगर की दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा सजा निलंबन रद्द करने तथा सर्वोच्च न्यायालय से संज्ञान लेने की मांग पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जनवादी महिला समिति की जिला संरक्षक कामिनी सक्सेना ने कहा कि देश की महिलाओं की भावनाओं के खिलाफ सजायता की सजा निलंबन करना निश्चित रूप से राजनीतिक, मनुवादी और प्रशासनिक रूतबे के दबाव के कारण लिए गए फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट से संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए संज्ञान लेने की मांग करते हैं। प्रदर्शन के ठीक बाद जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सजा निलंबन के फैसले को रद्द किया गया तो जिला अध्यक्ष शारदा सियाग ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से फिर से महिलाओं में न्याय की उम्मीद जगी है। गलत फैसलों के खिलाफ जनवादी महिला समिति का संघर्ष हमेशा जारी रहेगा। प्रदर्शन में कोषाध्यक्ष उर्मिला बिश्नोई, रमजानी, रहमत, बिन्दु जैन, रजिया बानो, संपत्ति गोदारा, अफसाना, मुन्नी, शांति, प्रज्ञा सक्सेना तथा अन्य महिलाएं शामिल रही।

यूरिया लेने पहुंचे किसान भिड़े

बज्जू, (कासं)। बज्जू में सोमवार को यूरिया खाद लेने पहुंचे सैकड़ों किसान आपस में भिड़ गए। खाद वितरण केन्द्र पर पर्ची लेने की होड़ में धक्का-मुक्की हुई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलने पर कृषि विभाग के अधिकारियों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। यूरिया की खेप पहुंचने की सूचना पर बड़ी संख्या में किसान सुबह 9 बजे से ही खाद वितरण केन्द्र पर जमा हो गए थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कृषि विभाग ने पर्चियां बांटना शुरू किया। इसी दौरान कुछ किसान लाइन तोड़कर आगे बढ़ने लगे, जिससे पीछे खड़े किसान आक्रोशित हो गए और आपस में झगड़ा शुरू हो गया। कृषि विभाग के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसानों को शांत कराया और दोबारा पर्ची वितरण का कार्य शुरू किया। कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी (एएओ) प्रदीप कुमार ने बताया कि बज्जू क्षेत्र में यूरिया की कमी लगातार बनी हुई है। कुमार ने आगे बताया कि आज की स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। आगामी 2-3 दिनों में इफको की रैक लगने वाली है, जिसमें बज्जू क्षेत्र के लिए अधिक यूरिया आपूर्ति की मांग की गई है।

पीबीएम के बच्चा अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी, बैड फुल

बीकानेर, (कासं)। पीबीएम के बच्चा अस्पताल में इन दिनों मरीजों की संख्या दोगुना बढ़ गई है, जबकि बैड कम पड़ रहे हैं।

हाल ही में रात में डॉक्टर के साथ मारपीट के कारण भी मरीज को बैड नहीं मिलने पर एक नई यूनिट बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। दरअसल बच्चा अस्पताल में पिछले करीब पांच साल से चार ही यूनिट चली आ रही है। वर्तमान में पांच प्रोफेसर होने के कारण एक नई यूनिट बनाई जा सकती है। नई यूनिट के लिए वार्ड भी खाली पड़ा है। बैड भी लगे हुए हैं।

डॉ. पवन डारा प्रोफेसर बन चुके हैं, लेकिन उनकी अलग से कोई यूनिट नहीं है। उन्हें दूसरी यूनिट के साथ ही काम करना पड़ रहा है। नियमानुसार उनकी पांचवीं यूनिट बन सकती है। सर्जरी विभाग के एसएसबी में शिफ्ट होने से उसका वार्ड खाली है। वहां नई यूनिट काम कर सकती है। नई यूनिट बनने से 40 बैड और बढ़ जायेंगे। इससे मरीजों का भार भी कम होगा। इससे यूनिट हैड को भी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि सर्दी के मौसम को

- **कम पड़ रही चार यूनिट, पांचवीं यूनिट बने तो 40 बैड और बढ़ जायेंगे**

देखते हुए बच्चा अस्पताल के ओपीडी में रोज करीब 800 बच्चे बीमार होकर पहुंच रहे हैं। इनमें से 50-60 को भर्ती करना पड़ रहा है। बैड कम होने के कारण ज्यादातर को दो-चार घंटे कैजुअल्टी में रखकर घर भेज रहे हैं। आरएमओ डॉ. कुलदीप बीठू ने बताया कि सुरक्षा गार्डों को पाबंद किया गया है। दुबारा ऐसी घटना होने पर उन्हें हटा दिया जायेगा।

बच्चा अस्पताल में डॉक्टर के साथ मारपीट करने के मामले की जांच सदर थाना पुलिस ने शुरू कर दी है। पीबीएम अधीक्षक की ओर से सदर थाने में परिवाद दिया गया है। एसएचओ सुरेन्द्र पचार ने बताया कि पीबीएम चौकी प्रभारी से जांच कराई जा रही है। घटना के सीसीटीवी फुटेज, मरीज और परिजन का रिकॉर्ड लेने के बाद उनसे पूछताछ की जायेगी। उसके बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा। कैजुअल्टी के रजिस्टर में उनका नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज किया गया था। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सचिन देसाई ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो हड़ताल का निर्णय लेना पड़ेगा। इसे लेकर सोमवार को प्रिंसिपल से मिलेंगे। गौरतलब है कि शुक्रवार देर रात बच्चा अस्पताल में मरीज को अलग से बैड नहीं मिलने पर परिजनों ने हंगामा किया। एक महिला ने रेजिडेंट डॉक्टर से मारपीट की और मरीज की मेडिकल फाइल छीन ले गए।

डॉ. मुकेश बेनिवाल कार्यवाहक एचओडी पीडिया ने बताया कि बच्चा अस्पताल में सर्जरी का वार्ड खाली पड़ा है। वर्किंग यूनिट बनाई जा सकती है। इसके लिए पर्याप्त स्टाफ भी है। अतिरिक्त बजट की जरूरुरत भी नहीं है। पीडिया के एचओडी डॉ. जीएस तंवर प्रथम यूनिट का ओपीडी सोमवार रहता है। सैकंड यूनिट डॉ. मुकेश बेनीवाल का मंगल और दूसरा व चौथा शुक्रवार रहता है।

नौरंगदेसर में अधेड़ का शव मिला

नापासर, (कासं)। पुलिस को बीती रात नौरंगदेसर स्थित भारतमाला पुलिया के पास जयपुर रोड पर पेड़ के नीचे 40 वर्षीय युवक का शव मिलने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही नापासर थानाधिकारी सुषमा शेखावत, एएसआई कविंद्र कुमार, कांस्टेबल प्रदीप और सीताराम मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। जांच के दौरान शव की पहचान अमृतसर (पंजाब) निवासी गुरूपाल सिंह पुत्र गुरूनाम सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया जिसके बाद उनकी पत्नी जसप्रीत कौर अपने भांजे रणजीत सिंह के साथ नापासर पहुंची। शव को नापासर उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया। परिजनों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

व्यापारी के घर पर फायरिंग करने वाले पकड़े

बीकानेर,(कासं)। पुलिस ने सादुलगंज फायरिंग कांड में बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार रूपए के इनामी बदमाश को पकड़ा है। पुलिस ने फायरिंग करने के आरोप में संजय और सुनील नायक को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रेंज हेमंत शर्मा और एसपी कावेन्द्र सिंह सागर के सुपरविजन में की गई।

बीकानेर के सादुलगंज क्षेत्र में व्यवसायी सुखदेव चायल के घर के बाहर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग की थी। वारदात के समय दोनों बदमाशों ने पहचान छिपाने के लिए हेलमेट पहन रखे थे। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। फायरिंग करने वाले सुनील और संजय नायक को अब नारनौल से गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले में अब तक शिव सिंह, रमणदीप और विक्की को गिरफ्तार किया जा चुका है। बीकानेर पुलिस ने लगातार चार महीने तक कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए इस मामले में शामिल तीन आरोपियों शिव सिंह भलूरी, रमण दीप और विकी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। फायरिंग में शामिल आरोपी विक्की को फिलहाल चार दिन के

- **25 हजार रूपए के इनामी बदमाश को पकड़ा**

पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस ने इस मामले में अन्य मदद करने वाले सहयोगियों को भी नामजद किया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी कर ली जायेगी और पूरे नेटवर्क का खुलासा होगा। मुख्य आरोपी संजय और सुनील नायक पर हरियाणा के अलग-अलग थानों में हत्या, फायरिंग और अन्य जघन्य अपराधों के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

पुलिस इनका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। इस प्रकरण को सुलझाने और आरोपियों को दस्तयाब करने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती राठौड़, सीओ सदर अनुष्ठा कलिया आईपीएस, डीएसटी प्रभारी विश्वजीत सिंह, थाना अधिकारी सदर सुरेंद्र पचार, आरएसटी प्रभारी संदीप पुनिया और एएसआई दीपक यादव की सक्रिय भूमिका रही।

नेत्र जांच शिविर आयोजित

बीकानेर, कासं)। यूनिवर्सिटी-सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा गोद लिए गांव बम्बलू में ए.एस.जी. आई. हॉस्पिटल के डॉ. कपिल चौहान के निर्देशन में सोमवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। वेटरनरी महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. हेमन्त दाधीच ने बताया की शिविर में आमजन के नेत्र जांच कर नैत्र रोगो से बचाव हेतु जागरूक किया। शिविर में 65 ग्रामवासियों के नेत्रों की जांच की गई। शिविर मे मरीजों को निशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। चिकित्सा शिविर का प्रबंधन डॉ. प्रियंका कड़ेला, सहायक आचार्य, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा किया गया। इस शिविर आयोजन में ग्राम सरपंच प्रतिनिधि हेतराम कूकणा, ग्राम विकास अधिकारी (बम्बलू) रामदेव मंडा, मनोज कुमार एवं अन्य ग्राम वासियों का भी सहयोग रहा।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य, उ. प. रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 19.01.2026 को 15:00 बजे तक। **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 19.01.2026 को 15.00 बजे के बाद; **निविदा सं:** 30-इलेक्ट/बीकेएन/ई-निविदा/25-26; **कार्य का विवरण:** Electrical work in c/w Provision of an additional PF No.3 by slewing of line No.5 & extension of PF No.1 by 92.40 m towards BTI end at Sirsa station of Bikaner Division including all requisite passenger amenities, Provision of 3 mtrs wide FOB at Suchan Kotli, Satroad, Baraguda, Jakhod Khera, Jita Kheri & Zerpur Pali stations of Bikaner Division and Provision of an additional high level passenger platform at Ding station of Bikaner Division along with FOB & all requisite passenger amenities; **अनुमानित लागत (रू):** 72,69,777/-; **धरोहर राशि (रू):** 1,45,400/-; **निविदा दस्तावेज लागत:** NIL

1687-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

दो दिन पहले लगाई सेंसर रेलवे फाटक गिरी

बीकानेर, (कासं)। यहां दो दिन पहले लगाई ऑटोमैटिक सेंसर फाटक सोमवार को अचानक गिर गई। हालांकि बड़ा हादसा होते हुए टल गया। यहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्लाइडिंग बूम फाटक अचानक तेजी से आकर नीचे गिरा।

इस दौरान क्रॉसिंग पर मौजूद लोग अपनी जान बचाते हुए वहां से भागे। इस दौरान एक बाइक सवार चपेट में आने से बच गया। मामला शहर के सांखला फाटक रेलवे क्रॉसिंग का है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस समय फाटक गिरा, ठीक उसी समय एक बाइक क्रॉसिंग की ओर बढ़ रही थी। फाटक और बाइक के पहुंचने में महज कुछ सेकंड का अंतर रहा। यदि बाइक जरा-सी भी आगे होती तो फाटक सीधे बाइक सवार पर गिर सकता था। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में

- **मामला शहर के सांखला फाटक रेलवे क्रॉसिंग का है**

हड़कम्प मच गया। घटना के समय मौजूद राहगीर अनंत श्रीमाली ने बताया कि आमतौर पर सांखला फाटक धीरे-धीरे नीचे आता है, जिससे लोग सतर्क हो जाते हैं। लेकिन सोमवार सुबह फाटक बिना किसी चेतावनी के तेजी से नीचे आया और धड़ाम से गिर पड़ा। उन्होंने कहा कि गनीमत रही कि उस वक्त कोई व्यक्ति या वाहन सीधे इसकी चपेट में नहीं आया। रेलवे द्वारा हाल के दिनों में कई स्थानों पर पुराने फाटकों को बदलकर नई तकनीक से चलने वाले फाटक लगाये गए हैं। सांखला फाटक पर भी स्लाइडिंग बूम तकनीक वाला नया गेट लगाया गया है।

लाइब्रेरी को फर्नीचर की घोषणा

नोखा,(कासं)। त्रिलोक आश्रम एवं त्रिलोक मेघवंशी छात्रावास में आयोजित एक स्वागत समारोह में रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी सत्यवीर सिंह ने छात्रावास के पुस्तकालय के लिए पूरा फर्नीचर (टेबल, कुर्सियां, अलमारियां आदि) बनवाने की घोषणा की है। सोमवार को आयोजित समारोह में समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें रिटायर्ड सीएमओ डॉ. चेतराम और प्रसिद्ध आर्किटेक्ट एस.के. बैरी भी शामिल थे। त्रिलोक सेवा समिति के अध्यक्ष स्वामी भुरदास महाराज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान, समिति सदस्य तकूराम बारूपाल ने बाबा त्रिलोक दास महाराज द्वारा स्थापित इस आश्रम और छात्रावास के इतिहास, उनके त्याग और समाजसेवा के कार्यों पर प्रकाश डाला।

खानाबदोश समुदाय के दो गुट भिड़े, लाठी पत्थरों से हमला

बीकानेर, (कासं)। सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल एसपी ऑफिस के ठीक पास स्थित पब्लिक पार्क में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खानाबदोश समुदाय के दो गुट आपस में भिड़ गए। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लाठियां बरसाई और पत्थर फेंके। घटना से मुख्य रास्ता पर दहशत का माहौल बन गया।

लोगों के अनुसार पब्लिक पार्क क्षेत्र में रहने वाले खानाबदोश परिवारों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में तब्दील हो गया। दोनों गुटों के लोग हाथों में लाठियां लेकर एक-दूसरे पर हमला करने लगे। ये झगड़ा जिला कलेक्टर और एसपी ऑफिस से महज 100 मीटर दूरी पर हुआ। इसी पब्लिक

- **कलेक्टर- एसपी ऑफिस से 100 मीटर दूरी पर देर रात हुआ झगड़ा**
- **एक युवक के सिर पर लाठी लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया**

पार्क में एसपी कावेंद्र सिंह सागर का निवास भी है। झगड़े के दौरान करीब आधे घंटे तक अफरा तफरी मची रही।

मारपीट के दौरान एक युवक के सिर पर लाठी लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। झगड़े में कई अन्य लोगों को भी हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। झगड़ा पब्लिक पार्क के पास मुख्य सड़क पर होने से कुछ ही देर में इलाके में हड़कम्प मच गया। सड़क पर चल रहे राहगीर और वाहन चालक डर के कारण रूक गए। करीब दस मिनट तक दोनों गुट एक-दूसरे पर लाठियों से वॉर करते रहे और भारी-भरकम पत्थर भी फेंके गए।

स्थानीय लोगों ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उन पर भी लाठियों से हमला कर दिया। इससे मौके पर मौजूद लोगों में और ज्यादा डर का माहौल बन गया। घटना के दौरान मारपीट करने वालों में महिलाएं भी शामिल थीं। उनके हाथों में भी लाठियां थी और वे भी एक-दूसरे पर हमला करती नजर आई।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्र. :- LU2012/SGN/2025-26/101473 **लोक सूचना** दि. : 27.12.2025

श्री अमन कुमार पोखरना पुत्र श्री राजेश कुमार पोखरना निवासी ए-06, जस्सा सिंह मार्ग, नजदीक राजवंश गार्डन, ग्रीन फील्ड ऐवेन्यु, श्रीगंगानगर द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 1 ए छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री अमन कुमार पोखरना पुत्र श्री राजेश कुमार पोखरना	चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 61 के किला नं. 18/1, 19/1, 19/3 में यथाकुल 0.1040 हैक्टे.	कुल 0.1040 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27.12.2025 को जारी की गयी।

RajKaj Ref. No. 19596753 - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

'तेरापंथ मेरा पथ' कार्यशाला

नोखा, (कासं)। नोखा में 'तेरापंथ मेरा पथ' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ श्रावक डालिम चंद नौलखा ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि आत्मा द्वारा किया गया धर्म ही मोक्ष प्राप्ति का एकमात्र साधन है। कार्यशाला में लगभग 250 श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।नौलखा ने आचार्य भिक्षु के सत्य मार्ग के लिए किए गए संघर्षों का उल्लेख किया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्र. :- LU2012/SGN/2025-26/101472 **लोक सूचना** दि. : 26.12.2025

महालक्ष्मी कॉटन जिनिंग एण्ड प्रेसिंग फैक्ट्री मालिक लक्ष्मी नारायण सहारन पुत्र राम जस सहारन एंव निर्मला सहारन पत्नी लक्ष्मी नारायण सहारन निवासी 75 के ब्लॉक श्री गंगानगर द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 1 ए छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	महालक्ष्मी कॉटन जिनिंग एण्ड प्रेसिंग फैक्ट्री मालिक लक्ष्मी नारायण सहारन पुत्र राम जस सहारन एंव निर्मला सहारन पत्नी लक्ष्मी नारायण सहारन	चक 1 ए छोटी के मुरब्बा नं. 50 के किला नं. 6/1 में 0.1140 है. किला नं. 7/1 में 0.2280 है. किला नं. 8/1 में 0.2020 है. किला नं. 13/3 में 0.1580 है. किला नं. 14/2 में 0.1541 है. किला नं. 15/2 में 0.0839 है. यथाकुल 0.9400 हैक्टे.	कुल 0.9400 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 26.12.2025 को जारी की गयी।

RajKaj Ref. No. 19595581 - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

स्वच्छता पखवाड़ा को जन-आंदोलन का रूप देने का आव्हान किया

बीकानेर, (कासं)। भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर द्वारा आज एन.आर.सी.सी. के प्रवेश द्वार तथा आस-पास स्थित परिसर में एक विशाल स्वच्छता-सह-पैदल भ्रमण (प्लागिंग) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम केन्द्र में मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा (16-31 दिसम्बर, 2025) के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्लागिंग के साथ-साथ पैदल मार्च (वॉकाथॉन), स्वच्छता रैली तथा विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाये गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीकानेर जिले के अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम सिटी) रमेश देव ने सहभागिता की। अपने उद्बोधन में एडीएम सिटी ने स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जन-आचरण का अभिन्न अंग बननी चाहिए। उन्होंने एन.आर.सी.सी. को पर्यटन स्थल के रूप

एनआरसीसी में स्वच्छता पखवाड़ा में परिसर में स्वच्छता-सह-पैदल भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीएम (सिटी) रमेश देव ने शिरकत की।

में महत्वपूर्ण बताते हुए संस्थान के साफ-सुथरे एवं सुंदर परिसरों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि आयोजित कार्यक्रम से समाज में स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और जागरूकता का संचार होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. समर कुमार घौरूई, प्रधान वैज्ञानिक ने कहा कि स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियां स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करती हैं। एनआरसीसी परिवार की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि संस्थान स्वच्छता के मूल्यों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एन.आर.सी.सी. के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने नोडल अधिकारी (स्वच्छता) के माध्यम से कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एनआरसीसी के सभी कार्मिकों के उत्साह, अनुशासन एवं सहभागिता की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा स्वच्छता पखवाड़ा को जन-आंदोलन का रूप देने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी डॉ. अरूणा कुनियाल ने मुख्य अतिथि को केन्द्र में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की । इस अवसर पर केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश, अखिल ठुकराल, दिनेश मुंजाल आदि ने भी सक्रिय रूप से सहयोग